दिशा-निर्देश

लॉकडाउन के बाद ध्यान देने वाली चीजें

May 2020 | Version 1

WaterAid

1. बेहद ज़रूरी क़दम जिसका सभी स्टाफ को पालन करना है 2

2. अंतर्देशीय यात्रा (फ्लाइट, ट्रेन, बस, टैक्सी) 3

3. अंतरराष्ट्रीय यात्रा (हवाई यात्रा) 5

4. फील्डवर्क (कार्यक्षेत्र) 6

5. कार्यालय में 9

6. मीटिंग 7

7. अभिकरण (एजेंसी) – सलाहकार का इंतज़ाम 8

8. बाहर होने वाली मीटिंग और काम (वॉटरएड दफ्तर के प्रांगण के बाहर) 9

9. संक्रमण का खतरा 12

परिशिष्ट 1 13

परिशिष्ट 2 14

परिशिष्ट 3 15

परिशिष्ट 4 16

नोवेल कोरोना वायरस विश्वव्यापी महामारी की वजह से भारत पांच हफ्ते से लंबा लॉक़डाउन देख चुका है और अब भी लॉकडाउन के खत्म हो जाने का मतलब ये बिल्कुल नही है कि महामारी भी ख़त्म हो गई. बस इससे इतना ही लाभ मिला है कि महामारी के और फैलने पर लगाम लगी है. अगले कुछ महीनों तक संक्रमण का खतरा बना रहेगा. इसी बात को ध्यान में रखते हुए वॉटरएड इंडिया स्टाफ, साझेदार औऱ क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी को इस बारे में ठीक तरह से अवगत होने चाहिए, और कार्यालय आते और जाते वक्त कोरोना वायरस से खुद को, अपने परिवार और अपने साथियों को सुरक्षित रखने के लिए उन्हें एहतियात बरतनी होगी.

दस्तावेज़ का उद्देश्य

ये दस्तावेज़ वॉटरएड इंडिया (WAI) स्टाफ, साझेदार, और फील्ड से जुड़े कर्मचारियों को सावधानी बरतने से संबंधित हैं, ताकि वह दफ्तर में काम, यात्रा (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय), क्षेत्र अवलोकन (फील्ड विज़िट), मीटिंग और वर्कशॉप का आयोजन करने या उसमें हिस्सा लेने के दौरान खुद को कोविड-19 से सुरक्षित रख सकें. इस दस्तावेज में लगातार सुधार किया जा रहा है और आगे भी विश्व स्वास्थ्य संगठन और भारत सरकार जो भी नई जानकारी और दिशा-निर्देश जारी करते हैं, उसें इसमें शामिल किया जाता रहेगा.

1 बेहद ज़रूरी क़दम जिसका सभी स्टाफ को पालन करना है

सरकारी वर्गीकृत क्षेत्र – ग्रीन, ऑरेंज, रेड के आधार पर सुरक्षित यात्रा का आकलन

रेड ज़ोन जिले या इलाके में यात्रा करने से बचें जब तक वो जिला या क्षेत्र ऑरेंज या (बेहतर होगा) ग्रीन ज़ोन में तब्दील नहीं हो जाता.

सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए एक साप्ताहिक डैशबोर्ड बनाया जाएगा जिसमें सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर वो राज्य, जिले और शहर शामिल होंगे जिसमें WAI कार्यरत है. यह डैशबोर्ड हर शुक्रवार सभी WAI स्टाफ के साथ साझा किया जाएगा.

समय समय पर साबुन से या एल्कॉहोल युक्त हेंड रब से हाथ धोएं

सभी स्टाफ घर या दफ्तर में (खासकर खाने से पहले, शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद, बाहर से कही दफ्तर में आने के बाद) अपने हाथ समय-समय पर साबुन और पानी की मदद से धोते रहें.

मेडिकल मास्क और कॉटन फेस कवर का इस्तेमाल

वाई(WAI) स्टाफ इस दौरान मुंह को ढांकने के लिए घर के बने हुए फेसकवर का इस्तेमाल करें.

- सार्वजनिक परिवहन से दफ्तर जाते और आते वक्त
- टैक्सी से दफ्तर आते और जाते वक्त और फील्ड विज़िट के दौरान
- फील्ड विज़िट के दौरान
- चेहरा ढांकने का कवर ठीक से बना हो (कॉटन के कपड़े की दोहरी परत) जो नाक और मुंह ठीक से ढंका जा सके.

मेडिकल मास्क तब इस्तेमाल हो जब:

- ट्रेन, हवाई जहाज़ या बस यात्रा कर रहे हो (स्टेशन, एयरपोर्ट और बस अड्डे पर भी)
- जब स्टाफ के घर में कोई सदस्य बीमार हो और उसे फ्लू जैसे लक्षण हो
- जब स्टाफ को फील्ड पर काम करते हुए कफ या सर्दी हो जाए या दफ्तर में रहते हुए ऐसे लक्षण दिखाई दें

किसी तरह के बुखार, कफ, सांस में तकलीफ होने पर घर से काम करें या छुट्टी लें. (घर से काम करने को लेकर एचआर की बनाई नीतियों का ध्यान रखें)

घर से काम करने (वर्क फ्रॉम होम) की नीति में बदलाव करके उसे दो हफ्तों के लिए निम्न स्थितियों में जारी रखा जा सकता है -

- अंतरराष्ट्रीय यात्र से लौटने के बाद (यात्रा के पश्चात 2 हफ्ते का क्वारेन्टीन)
- अगर कफ बुखार के हल्के लक्षण होने के बावजूद स्टाफ का सदस्य अपना काम ठीक से कर पाए
- अगर परिवार के किसी सदस्य को कफ, बुखार, सांस में तकलीफ के हल्के लक्षण हैं और WAI स्टाफ सदस्य घर से समय पर काम करने में सक्षम है.

[1] Critical times of handwashing: after sneezing, coughing, after coming from outside and after contact with anyone with symptoms of cough, fever, cold; before and after defecation, after cleaning a child's bottom or changing diapers, before feeding a child, before eating and before and after preparing/ handling food

[2] https://www.mohfw.gov.in/pdf/Advisory&ManualonuseofHomemadeProtectiveCoverforFace&Mouth.pdf

[3] A team member, with mild symptoms, can avail of leave as well

[4] A team member, with a family member with mild symptoms, can avail of leave as well

2 अंतर्देशीय यात्रा (फ्लाइट, ट्रेन, बस, टैक्सी)

अहम बिंदु

- राज्यों और जिलों के ऐसे इलाकों में यात्रा जो रेड ज़ोन घोषित हुए
- राज्यों और जिलों के ऐसे इलाकों में यात्रा जो ऑरेंज और ग्रीन ज़ोन घोषित हुए
- सामान्य होटल और ऐसे होटल में ठहरना जिन्हें कोविड-19 केयर सेंटर, क्वारेन्टीन सेंटर बनाया गया हैं

✔ क्या करें

- ऐसे राज्य और जिलों में सीमित यात्रा या बेहद जरूरी होने पर ही यात्रा करें जिन्हें रेड ज़ोन घोषित किया गया है. यात्रा के दौरान तमाम सुरक्षा और सावधानियों को सुनिश्चित करें.
- ऑरेंज ज़ोन वाले इलाकों में यात्रा करने पर यात्रा के माध्यम, और संभावित जोखिम का पूरी तरह ख्याल रखें, और हर संभव सावधानी बरतें.
- ग्रीन जोन इलाकों में यात्रा करने के दौरान सभी सावधानियां सुनिश्चित करें.
- हवाई, ट्रेन और बस यात्रा के दौरान मास्क ज़रूर पहनें
- जब रेड और ऑरेंज ज़ोन में यात्रा कर रहें हो तब बस अड्डे, ट्रेन, एयरपोर्ट पर जितना संभव हो सके सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) बनाकर रखें.
- जब किसी क्षेत्र में जाने के लिए टैक्सी सेवा का इस्तेमाल करें तो एस यू वी टैक्सी (इनोवा या कोई और एसयूवी) में तीन लोग (ड्राइवर के अलावा) ही बैठें और सीडान टैक्सी में ड्राइवर के अलावा दो लोग ही बैठें.
- वैसे तो ये मौसम पर निर्भर करता है फिर भी पूरी कोशिश हो की एसी का इस्तेमाल ना करें और खिड़की को खोल कर न रखें (हालांकि भीषण गर्मी और मानसून में ये काफी मुश्किल होगा)
- समय समय पर हाथ धोते रहें. फ्लाइट, ट्रेन औऱ बस से यात्रा करने के बाद भी इस काम को करे.
- फील्ड से लौटने के बाद रोज़ाना औऱ किसी फ्लाइट, ट्रेन, बस से यात्रा से लौटने के बाद नहाएं और कपड़े बदलें.
- अच्छी तरह पका हुआ भोजन ही करें (इसमें मीट भी शामिल हैं) और कच्चा खाना औऱ सलाद खाने से बचे.
- जब फील्ड पर रहें तो साफ पानी से भरी अपनी बोतल साथ में रखें.
- एल्कोहॉल युक्त हैंड रब, मास्क औऱ ग्लव्ज़ के साथ आपातकालीन किट को साथ रखें.
- अपने परिवार, साथ रहने वालों और करीबी दोस्तों (अगर परिवार से दूर रहते हैं) को अपनी लोकेशन की जानकारी देते रहें.
- कफ, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, गले में दर्द, जरूरत से ज्यादा थकान जैसे लक्षण उभरने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें औऱ उन्हें अपनी यात्रा का विवरण दें.
- अगर ज़रूरी हो तो सिर्फ सूची में शामिल होटल में ही ठहरें, अपनी खुद की चादर, तौलिया औऱ हाथ के तौलिया लेकर चलें.
- जब यात्रा से लौटें तो तुरंत साबुन से हाथ धोएं, नहाएं और धुले हुए कपड़े पहने और यात्रा के दौरान पहने गए कपड़ों को धो लें.
- जून 2020 तक जरूरी यात्रा करने वाले WAI स्टाफ के लिए अकेले ठहरने वाले रुम उपलब्ध करवाए जाएंगे
- जुलाई 2020 के बाद (अगर गृह जिला-शहर–राज्य ग्रीन ज़ोन हो तो) सभी WAI स्टाफ के लिए दो लोगों के रुकने वाले कमरे की व्यवस्था करवाई जाएगी
- जो WAI स्टाफ नहीं हैं, उनके लिए अकले ठहरने वाले रुम उपलब्ध करवाए जाएगें

✖ ये नहीं करें

- अगर आप को सूखा कफ, बुखार, सांस लेने में तकलीफ हो रही है तो यात्रा ना करें.

जांच सूची

- आपातकालीन किट – मास्क, एल्कॉहोल युक्त हैंड रब, WAI प्रशासन से जुड़े सहकर्मियों और क्षेत्रीय प्रबंधक का फोन नंबर, करीबी अस्पताल संबंधित जानकारी.
- प्रशासनिक टीम, सूची में जुड़े हुए होटल की टीम से बात करके ये पता करेगी कि कमरे ठीक से साफ और स्वच्छ हैं या नहीं और यह भी क्या होटल कोविड19 केयर सेंटर या क्वारेन्टीन सुविधा के लिए तैयार किया गया था.
- प्रशासनिक टीम सूचीबद्ध टैक्सी चालकों से बात करके ये सुनिश्चित करेगी की कि टैक्सी अच्छी तरह से साफ और स्वच्छ रखी गई है.

Important resources

WHO document: Getting the Workplace ready for COVID-19

MOHWF Covid-19 Live Dashboard

अंतरराष्ट्रीय यात्रा (हवाई यात्रा)

अहम बिंदु

- वो देश जहां पर कोरोना के सबसे ज्यादा मामले मिले हैं औऱ जहां यात्रा संबंधित प्रतिबंध लगे हैं (मसलन यू.के, यूएसए, कनाडा, स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया)
- ऐसे देश जहां पर कोरोना के मामले कम हैं (जहां यात्रा संबंधित सीमित या कोई पाबंदी नहीं)
- होटल में ठहरना

✔ क्या करें

- अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए वॉटरएड के वैश्विक निर्देशन का अनुसरण करना
- जिन देशों में अत्यधिक मामलों है वहां सीमित औऱ जरूरी होने पर ही यात्रा करें
- सार्वजनिक स्थल या यातायात केंद्र में सामाजिक दूरी (सोशल डिस्टेंसिंग) का पालन करें
- बस, ट्रेन या हवाई यात्रा के दौरान मास्क पहनें
- समय समय पर हाथ धोते रहें. फ्लाइट, ट्रेन औऱ बस से यात्रा करने के बाद भी इस काम को करे.
- फ्लाइट, ट्रेन, बस से यात्रा करके लौटने के बाद नहाएं और कपड़े बदलें
- अच्छी तरह पका हुआ भोजन ही करें (इसमें मीट भी शामिल है) और कच्चा खाना औऱ सलाद खाने से बचे.
- आपातकालीन किट जिसमें एल्कोहॉल युक्त हैंड रब, मास्क औऱ ग्लव्ज़ साथ रखें.
- अपने परिवार, साथ रहने वालों और करीबी दोस्तों (अगर परिवार से दूर रहते हैं तो) को अपनी लोकेशन की जानकारी दें
- अगर ज़रूरी हो तो सिर्फ सूची में शामिल होटल में ही ठहरें.
- जब यात्रा से लौटें तो तुरंत साबुन से हाथ धोएं, नहाएं और धुले हुए कपड़े पहने और यात्रा के दौरान पहने गए कपड़ों को धो लें.
- अगर ऐसे देश से लौट रहे हैं जहां कोरोना से जुड़े मामले बहुत ज्यादा थे तो वर्क फ्रॉम होम के साथ दो हफ्ते के लिए क्वारेन्टीन में रहें.

✘ ये नहीं करें

- अगर आप को सूखा कफ, बुखार, सांस लेने में तकलीफ हो रही है तो यात्रा ना करे.

जांच सूची

- आपातकालीन किट – मास्क, एल्कोहॉल युक्त हैंड रब, WAI प्रशासन से जुड़े सहकर्मियों और क्षेत्रीय प्रबंधक का फोन नंबर, करीबी अस्पताल संबंधित जानकारी.
- प्रशासनिक टीम सूची में जुड़े हुए होटल की टीम से बात करके यह सुनिश्चित करें कि कमरे अच्छी तरह से साफ और स्वच्छ हैं.
- प्रशासनिक टीम सूचीबद्ध टैक्सी चालकों से बात करके ये सुनिश्चित करेगी कि कि टैक्सी अच्छी तरह से साफ और स्वच्छ रखी गई है.

4 फील्डवर्क (कार्यक्षेत्र)

मुख्य बिंदु

ज़मीनी स्तर पर कार्य करने वालें इलाकों में यात्रा

- रेड जोन में वर्गीकृत किये गए राज्य और जिलों में यात्रा
- ऑरेंज और ग्रीन जोन में वर्गीकृत किये गए राज्य और जिलों में यात्रा
- सामान्य होटल औऱ ऐसे होटल में ठहरना जिन्हें कोविड-19 केयर सेंटर, क्वारेन्टीन सेंटर बनाया गया
- इंटरवेंशन क्षेत्र (कार्यक्षेत्र) में सामुदायिक मीटिंग का आयोजन करना
- निर्माण संबंधी गतिविधियों की शुरुआत

✔ क्या करें

- फील्ड पर रहें तो मास्क पहनें
- समुदाय के दूसरे सदस्यों से कम से कम शारीरिक संपर्क बनाएं
- ऐसे इलाकों में समुदाय की मीटिंग का आयोजन किया जाए जिन्हें ऑरेंज या ग्रीन जोन घोषित किया गया है
- मीटिंग का आयोजन खुले इलाके में या बड़े हॉल में किया जाए जहां उचित दूरी बनाए रखने में परेशानी न हो
- अगर मीटिंग करना ज़रूरी है तो WAI स्टाफ को मिलाकर शामिल होने वालों की संख्या 15 से ज्यादा ना हो. अगर समुदाय के ज्यादा लोगों तक पहुंचना होw तो ज्यादा मीटिंग का आयोजन करें.
- समुदाय के सदस्य जब मीटिंग में शामिन होने आएं तो उन्हें 1-2 मीटर की शारीरिक दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करें.
- जो बीमार होंwx या जिनमें किसी भी तरह केर बीमारी से जुड़े लक्षण नजर आ रहें हैं, उन्हें मीटिंग में शामिल न होने के लिए प्रेरित करें. उनका संपर्क विवरण लें और मीटिंग हो जाने के बाद उन्हें फोन पर (अगर संभव हो तो) सारी जानकारी मुहैया करें.
- एक अस्थायी हाथ धोने की व्यवस्था बनाएं, जहां मीटिंग शुरु होने से पहले सभी मीटिंग में शामिल होने वालों के हाथ धोने के लिए साबुन और पानी का प्रबंध हो.
- लॉकडाउन के बाद सामुदायिक मीटिंग के दौरान समुदाय से जाने की उन्होंने चुनौतियों का कैसे सामना किया और किस तरह से इस तंत्र के साथ सामंजस्य स्थापित किया. उनसे वॉश से जुड़ी ज़रूरतों के बारे में भी जानें. हर तरह की सफाई खासतौर पर बीमारी (सिर्फ कोविड नही) के फैलने के दौरान स्वच्छता रखने से जुड़े संदेशों को दोहराएं.
- मीटिंग में शामिल होने वाले सभी लोगों को मीटिंग से जाने पर हाथ धोने के लिए प्रेरित करें
- ‘कोविड-19 के दौरान समुदाय के साथ काम करने’ (इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातों की ऑनलाइन जानकारी की लिंक परिशिष्ट 3 में भी उपलब्ध है) और ‘कोविड -19 के दौरान निर्माण संबंधी काम से जुड़े ठेकेदारों के साथ काम करने’ (इससे जुड़ी महत्वपूर्ण बातों की ऑनलाइन जानकारी की लिंक परिशिष्ट 4 में भी उपलब्ध है) के लिए वॉटरएड वैश्विक मार्गदर्शिका को देखें.

✘ ये नहीं करें

- मीटिंग में 15 से अधिक लोग शामिल ना करें
- कम जगह और सीमित जगह वाले स्थानों पर मीटिंग का आयोजन नहीं करें
- हाथ नहीं मिलाएं

जांच सूची

- साबुन और पानी सभी मीटिंग स्थलों पर उपलब्ध हो.
- चलित या अस्थायी हाथ धोने के स्टेशन लगाए जाएं

महत्वपूर्ण संसाधन

- वॉटरएड कोविड-19 मार्गदर्शिका COVID-19 Guidance- समुदाय के साथ प्रत्यक्ष या साझेदारों के साथ काम करने के दौरान
- वॉटरएड मार्गदर्शिका (Guidance)- कोविड-19 के दौरान निर्माण से जुड़े ठेकेदारों से काम करने के दौरान

मुख्य बिंदु

Working with communities

- Reduce direct physical contact with communities to avoid risk of transmitting the virus
- Ensure safe hand hygiene and social distancing in all interactions with the community and between community members

✔ क्या करें

- दूर से ही जुड़े रहने के तरीके निकालें – खासकर जागरुकता अभियान के दौरान
- समुदायों को प्रकोप से जुड़ी जानकारी से समय समय पर अवगत करवाते रहें
- आमने सामने कम मिला जाए और बात भी ठीक से पहुंच जाए, इसके लिए समुदायों के साथ काम वाले संगठनों और साझेदारों के साथ सामंजस्य बना कर चलें.
- समुदायों में महिलाओं और पुरुषों से अलग अलग जुड़ें (भले ही दूर से या आमने सामने)
- ताकि उनके अलग अलग नज़रिए और ज़रूरतों को आसानी से समझ आ सके.
- एक बेहतर और स्पष्ट संचार तंत्र बनाएं और वॉटरएड/ साझेदार स्टाफ के संपर्क सूत्र को साझा करें.
- समुदायों की सुविधा को देखते हुए सरल और सुविधा के अनुसार संचार तंत्र स्थापित करें (फोन, टेक्सट, वॉट्सएप, फेसबुक)
- स्पष्ट संदेश पहुंचाने के लिए क्षेत्रीय बोली का उपयोग करें
- समुदाय में कमजोर तबके की पहचान करने और प्रकोप के दौरान उन्हें मदद दिए जाने के लिए समूह की सहायता करें
- विभिन्न समूहों के मौजूदा स्वास्थ्य संबंधी व्यवहार और बीमारी से निपटने के तरीके का आकलन करें
- तैयारी से जुड़ी योजना और समुदायों से साथ उस कार्ययोजना की स्थापना को लेकर चर्चा करें
- समुदाय समूह किस तरह समुदायों में बेहतर तरीके से वाश गतिविधि में मदद कर सकते हैं (इसमें जागरुकता गतिविधि भी शामिल है)
- घरों, स्कूलों, एडब्ल्यूसी और स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में हाथ धोने के लिए साबुन और पानी की पहुंच का आंकलन करें. सभी जगह पर पानी और साबुन की उपलब्धता सुनिश्चित करें.

✘ ये नहीं करें

- आमने सामने मीटिंग का आयोजन
- स्टाफ में किसी को भी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें (जैसे पुरानी फेफड़ों की बीमारी, दिल या किडनी की समस्या, डायबिटीज, या कमज़ोर प्रतिरोधक क्षमता) या किसी के घर में संवेदनशील व्यक्ति रहता है तो वो घर में या दफ्तर में किसी भी ऐसे काम से बचें जिसमें लोगों का सामना करना पड़ें.
- कोविड-19 के संक्रमण से पीड़ित केस या संदिग्ध लोगो का इलाज कर रहे स्वास्थ्य संबंधित केंद्र में जाने से बचें.

जांच सूची

- पीपीई
- हैंड सेनिटाइजर / एल्कोहॉल हैंड रब
- स्वास्थ्य बीमा

संदर्भ: परिशिष्ट 3

मुख्य बिंदु

निर्माण संबंधी ठेकेदारों के साथ काम करना

✔ क्या करें

- कोविड -19 से जुड़ी राष्ट्रीय और राजकीय ज़रूरतों का पालन करें जिसमें काम पर पाबंदी, यात्रा और सामाजिक दूरी भी शामिल है.
- निर्माण से जुड़े विषय में क्षेत्रीय अधिकारियों, समुदाय के नेताओं से परामर्श करें
- समुदाय की जरूरत के हिसाब से गंभीरता का आकलन करते हुए गतिविधि का चयन करें
- सुनिश्चित करें कि एक वक्त में साइट पर 6 लोगों से ज्यादा काम ना करें – उन्हें हाथ धोने की सुविधा, पीपीई उपलब्ध करवाई जाए और सुरक्षा के उपायों की जानकारी दें.
- सफाई गतिविधि की सूची और उसका विस्तार से उल्लेख करें
- संचार तंत्र और समय सारणी तय करें.
- सूची तैयार करें (जिसमें स्थाई और अस्थाई दोनों तरह के कामगारों के नाम और संपर्क नंबर मौजूद होगा

✖ ये नहीं करें

- निर्माण के दौरान समुदाय से संपर्क कम करें
- अगर ड्रिल करना, पंप का परीक्षण, जलस्रोत की प्राप्ति का आकलन या जल की गुणवत्ता का आकलन संभव नहीं है तो जल संरचना से जुड़ी निर्माण प्रक्रिया (भंडारण टैंक, पाइपलाइन, पहले से मौजूद बोरहोल को मोटर से चलने वाले पंप में बदलना) न करें

जांच सूची

- पीपीई
- हैंड सेनिटाइजर/ एल्कोहॉल हैंड रब
- सुरक्षा उपाय (या निर्देशों की सूची)
- हाथ धोने के लिए बुनियादी ढांचे का प्रावधान

संदर्भ: परिशिष्ट 4

5 कार्यालय में

मुख्य बिंदु

- कार्य स्थल
- मीटिंग रूम
- रसोई भंडार और किचिन

✔ क्या करें

- लॉकडाउन के बाद, स्टाफ के लौटने से पहले कार्यालय की डिटरजेंट और हल्के कीटाणु नाशक से अच्छे से सफाई हो
- रोजाना काम पूरा हो जाने के बाद, डेस्क, कुर्सी, आमतौर पर उपयोग होने वाली टेबल कुर्सी (मीटिंग रूम, किचिन में), आमतौर पर छूए जाने वाली वाली सतह जैसे दरवाज़े के हेंडल, किचिन काउंटर, हाथ धोने वाली जगह, बाथरूम, और दूसरी चीजें जैसे कीबोर्ड, लैपटॉप, फोन को साफ किया जाए और कीटाणुनाशक उपयोग किया जाए
- एल्कोहॉल युक्त हैंड रब कार्य स्थल के करीब होना चाहिए (हर कमरे या क्यूबिक के सेट में एक बोतल)
- हाथ धोने वाली जगह पर हाथ धोने के लिए उपयुक्त साबुन उपलब्ध रहे
- प्रत्येक कार्यस्थल पर टिश्यू रखें जाएं
- उपयोग किए हुए टिश्यू को फेंकने के लिए प्रत्येक कार्यस्थल पर डस्टबिन (कचरापेटी) मौजूद रहें
- हाथ सुखाने के लिए हाथ सुखाने वाली मशीन या पेपर टॉवेल का इस्तेमाल करें, हाथ धोने वाले स्थल के पास उपयोग किए टिशु को फेंकने के लिए डस्टबिन (कचरापेटी) रखी जाए
- दफ्तर में हाथ धोने के तरीकों वाले पोस्टर, और सुरक्षा के उपाय, जांच और उपचार वाली सुविधा वाले लैब्स और अस्पताल के नंबर लगे होने चाहिए.
- कार्यालय में लगे एयर कंडीशन और कूलर का इंडियन सोसाइटी ऑफ हीटिंग, रेफ्रीजरेटिंग और एयर कंडीशनिंग इंजीनियर्स (ISHRAE) के निर्देशों के मुताबिक ही उपयोग करें
- एयर कंडीशनर से उचित दूरी बना कर रहे ताकि सीधी हवा के संपर्क में ना आएं.
- रोज़ाना कार्यालय में हवा आने की व्यवस्था करें, हवा के आवागमन के लिए पंखों का उपयोग करें.
- WAI कार्यालय में मौजूद सभी एयर कंडीश्नर के रख-रखाव औऱ सफाई को सुनिश्चित करें (साल में एक बार, विशेष तौर पर जब गर्मी के मौसम की शुरूआत हो)

✖ ये नहीं करें

- हाथ सुखाने के लिए एक ही टॉवेल का उपयोग ना करें

जांच सूची

- सफाई करने वाले स्टाफ को ग्लव्ज़, मास्क और सफाई से जुड़ी जरूरी चीजों की आपूर्ति जिसमें कीटाणुनाशक, पोंछा, सफाई करने वाले कपड़े शामिल है
- सभी दफ्तरों में साबुन औऱ एल्कोहॉल युक्त हैंड रब्स का उचित भंडार मौजूद रहे.
- सफाई समय सारणी दुरुस्त की जाए और उस पर सही निगरानी रखी जाए (दफ्तर और उपयोग में आने वाले क्षेत्र के लिए)
- मास्क औऱ ग्लव्ज के उपयोग और निस्तारण के लिए मसौदा (प्रोटोकॉल) तैयार करना
- दफ्तरों में खिड़कियों को खोल कर हवा आने जाने की व्यवस्था रखें (जितना संभव हो)
- परीक्षण और उपचार के लिए लैब और अस्पताल की सूची
- दफ्तर में लगे सभी एयर कंडीश्नर और कूलर का नियमित रखरखाव
- सहकर्मियों का जीवन बीमा

महत्वपूर्ण संसाधन

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग दस्तावेज : दफ्तर जैसे सार्वजनिक जगहों को विसंक्रमित करने के लिए दिशा-निर्देश दस्तावेज़ (MoHFW document)

ISHRAE एयर कंडिश्निंग और हवा की आवाजाही के लिए कोविड 19 दिशा निर्देश दस्तावेज

मुख्य बिंदु

स्टाफ के लिए सामान्य सलाह

✔ क्या करें

- दफ्तर में प्रवेश करने पर, अपना काम शुरू करने से पहले हाथ धोएं.
- समय समय पर हाथ धोने की आदत डालें
- खांसते या छींकते वक्त मुंह को टिश्यू या रुमाल से ढंके
- अपनी प्लेट, चाय के कप और पानी के ग्लास खुद धोएं

जांच सूची

हाथ की सफाई, निजी स्वच्छता, शारीरिक दूरी, प्लेट धोने, कप ग्लास धोने से जुड़े पोस्टर

मुख्य बिंदु

स्टाफ जो अस्वस्थ हो या जिसमें बीमारी के लक्षण हो

✔ क्या करें

- जब कफ, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, गले में दर्द, अजीब सी थकान, जैसे लक्षण उभरें तो छुट्टी ले लें या घर से ही काम करें.
- अगर कफ, बुखार, सांस लेने में तकलीफ, गले में दर्द, अजीब सी थकान, जैसे लक्षण उभरें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और उन्हें अपनी यात्रा का विवरण दें
- स्टाफ का कोई भी व्यक्ति जिसे सर्दी या खांसी हो और उसका दफ्तर आना जरूरी हो तो उसे मास्क पहनना चाहिए और स्टाफ के दूसरे सदस्यों से उचित दूरी बनाकर रखना चाहिए.

जांच सूची

ऐसे लैब और अस्पताल की सूची रखें जहां जांच और उपचार की सुविधा दी जा रही है

मुख्य बिंदु

दफ्तर और किचन से जुड़ी आपूर्ति को संभालना

✔ क्या करें

- कोई पैकेज या पोस्ट अगर दफ्तर में आती है तो उसे बेहद संभाल कर खोलें, फ्रंट डेस्क इस तरह की सारे पैकेज एकत्र करे, फ्रंट डेस्क से संबंधित व्यक्ति ही पैकेज प्राप्त करे, पैकिंग मटेरियल (उदाहरण- प्लास्टिक, पेपर, लिफाफे) को निकाले और फ्रंट डेस्क पर ही उसे कचरा पेटी में डाले. बाहरी पैकज को हाथ लगाने के बाद हर बार अपने हाथों को साबुन या एल्कोहॉल युक्त हैंड रब से साफ करें.
- दूध, चाय और कॉफी पैकेट, बिस्किट या दूसरे खाद्य पदार्थ जो दफ्तर में आ रहे हैं उन्हें अलग स्थान पर रखें, और अच्छी तरह से साफ करें. खाद्य पदार्थ के पैकेट दफ्तर में एक ही व्यक्ति की देखरेख में रहे (और ये व्यक्ति किसी भी तरह के खाद्य पदार्थ को लेते और स्टोर में रखते वक्त हमेशा ग्लव्ज़ पहने) चाय-काफी बनाने के लिए पानी लेने और किचिन से खाद्य पदार्थ लेने से पहले एल्कोहॉल युक्त हैंड रब का इस्तेमाल करें.
- प्रत्येक कार्य स्थल पर अलग अलग पानी की बोतल और ग्लास, स्टाफ के प्रत्येक व्यक्ति के नाम की पर्ची लगा कर रखी जाए जिससे एक दूसरे की बोतल के इस्तेमाल से बचा जा सके.
- बोतल और ग्लास रोज़ाना काम पूरा हो जने पर दिन के अंत में धोकर रखे जाएं

जांच सूची

- फ्रंट डेस्क को बाहर से आए पैकेज कों संभालने का मार्गदर्शन देना
- फ्रंट डेस्क पर कचरा पेटी (डस्टबिन) रखे ताकि पैकेजिंग को उसमें फेंका जा सके
- किचन स्टाफ को सफाई से जुड़ी बातों का उचित मार्गदर्शन दें

मुख्य बिंदु

स्टाफ को सहायता

✔ क्या करें

- हाथ धोने संबंधित पोस्टर जिसमें एल्कोहॉल युक्त हैंड रब, औऱ सुरक्षा के तरीको को दर्शाया गया हो, उन्हें रिसेप्शन सहित दफ्तर की अहम जगह पर लगाया जाए.
- एचआर और प्रबंधन स्टाफ को भरोसा दिलाए कि ये उपाय सुरक्षा के लिए हैं औऱ जैसे ही क्षेत्र को ग्रीन जोन में शामिल कर लिया जाएगा इस प्रक्रिया को हटा लिया जाएगा.
- एचआर/प्रशासन स्टाफ ऐसे अस्पतालों और लैब के नंबर औऱ जानकारी संभाल कर रखें जहां कोविड-19 से पीड़ित और प्रभावितों की देखरेख और स्वास्थ्य लाभ दिया जाता है.

मुख्य बिंदु

दफ्तर से जुड़े विक्रेता

✔ क्या करें

- विक्रेताओं को रिसेप्शन पर ही रोकें और उनसे वहीं पर पैकेज लें. विक्रेता को अपने हाथ एल्कोहॉल युक्त हैंड रब से साफ करने के लिए प्रेरित करें.
- अगर कोई विक्रेता दफ्तर के अंदर प्रवेश चाहता है (उदाहरण के लिए प्रिंटर लगाना हो) तो उसे एल्कोहॉल युक्त हैंड रब से हाथ धोने के लिए कहें.

6 मीटिंग

मुख्य बिंदु

बाहरी सहभागियों के साथ मीटिंग आयोजन करने पर–
संचालन और व्यवस्था

✔ क्या करें

- गैर WAI स्टाफ और WAI स्टाफ के साथ दूसरी जगह पर मीटिंग करने के लिए डिजिटल-
- आभासीय (वर्चुअल) प्लेटफार्म का इस्तेमाल करें. जब तक बेहद ज़रूरी नहीं हो आमने सामने बैठने वाली मीटिंग से बचें. जरूरी मीटिंग में अहम डोनर और जरूरी काम के लिए सरकारी अधिकारी से मुलाकात शामिल है.
- अगर बाहरी लोगों के साथ मीटिंग ज़रूरी है औऱ वो दफ्तर में होनी है तो आगंतुको को दफ्तर में प्रवेश करने के दौरान साबुन और पानी या एल्कोहॉल युक्त हैंड रंब से हाथ साफ करने के लिए प्रेरित करें.
- मीटिंग में शामिन होने वालों के लिए बैठने की व्यवस्था इस तरह हो कि हर कुर्सी के बीच छह फीट का अंतर रहे
- मीटिंग में शामिल होने वाले सभी बाहरी व्यक्तियों के नाम औऱ संपर्क की जानकारी (ईमेल और फोन नंबर) को कम से कम एक महीने तक संभाल कर रखें. अगर मीटिंग में शामिल कोई व्यक्ति कोविड -19 से प्रभावित या पीड़ित होता है तो मीटिंग में शामिल अन्य सहभागियों को इसकी सूचना दी जाए
- मीटिंग के बाद मीटिंग रूम को कीटाणुनाशक से साफ करें.

✖ ये नहीं करें

- अगर स्टाफ का कोई भी व्यक्ति बीमार हैं तो बाहरी मीटिंग का आयोजन ना करें
- सार्वजनिक स्थलो (उदाहरण के लिए होटल, मीटिंग और कॉन्फ्रेंस स्थल) पर मीटिंग का आयोजन ना करें जब तक एसएमटी, प्रशासनिक टीम और प्रमुख औऱ क्षेत्रीय प्रबंधक के द्वारा आदेश ना दिए जाएं.

जांच सूची

- एल्कोहॉल युक्त हैंड रब
- हाथधोने की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से बताने वाले पोस्टर सहित हाथ धोने के लिए साबुन
- मीटिंग के बाद मीटिंग रूम को कीटाणुनाशक से साफ करना

7 अभिकरण (एजेंसी) – सलाहकार का इंतज़ाम

मुख्य बिंदु

इंतज़ाम की प्रक्रिया

✔ क्या करें

- जितना संभव हो इतंज़ाम की प्रक्रिया ऑनलाइन आयोजित की जाए
- साक्षात्कार के अंतिम चरण में व्यक्तिगत मीटिंग का आयोजन किये जाने पर, मीटिंग के दौरान शारीरिक दूरी का पूरी तरह ख्याल रखें. अगर सलाहकार या बाहरी टीम का कोई भी सदस्य अस्वस्थ्य है तो मीटिंग को किसी औऱ वक्त के लिए तय करे या टीम के सदस्य से फोन पर शामिल होने के लिए कहें.

मुख्य बिंदु

पहले से शामिल परामर्शदाता औऱ अभिकरण (एजेंसी)

✔ क्या करें

- जो अभिकरण(एजेंसी) परामर्श की सेवा (जैसे शोध) प्रदान कर रही है, उनके सभी कर्मचारियों के स्वास्थ्य बीमा के लिए कहा जाए. खास तौर पर उनका जो फील्ड से जुड़े हैं या जिन्हें काम के सिलसिले में बाहर जाना होता है. अनुबंध में विशेषतौर पर ये स्पष्ट करें कि वह सभी कर्मचारी और फील्ड स्टाफ जिन्हें ज़मीनी स्तर पर काम करने के लिए नियुक्त किया गया है, उनका स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य होगा.
- ऐसे परामर्शदाता जो व्यक्तिगत तौर (निजीतौर पर) सेवाएं दे रहे हैं और किसी एजेंसी से नहीं जुड़े हैं उन्हें स्वास्थ्य बीमा करवाने के लिए कहा जाए, अनुबंध में विशेषतौर पर ये स्पष्ट करें कि वह परामर्शदाता जिन्हें ज़मीनी स्तर पर काम करने के लिए नियुक्त किया गया है उनका स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य होगा.
- संस्थान के साथ जुडे हुए परामर्शदाता और एजेंसी को कोविड-19 से जुड़ी ज़रूरी जानकारी मुहैया करवाई जाए, और ज़मीनी स्तर पर किये जाने वाले काम को करने से पहले की सभी ज़रूरी सावधानियों को स्पष्ट किए जाए.
- जिन इलाकों को रेड़ जोन में शामिल किया गया है वहां यात्रा करने में सावधानी बरतें औऱ संभव हो सके तो सिर्फ बेहद ज़रूरी होने पर ही यात्रा करें.
- परामर्शदाता औऱ ऐजेंसी से फील्ड स्टाफ के लिए बजट में मास्क, एल्कोहॉल युक्त हैंड रब को शामिल करने के लिए कहा जाए
- सभी फील्ड स्टाफ को लैब और अस्पताल के संपर्क नंबर दिए जाएं जहां जांच औऱ उपचार किया जा रहा है

बाहर होने वाली मीटिंग और काम (वॉटरएड दफ्तर के प्रांगण के बाहर)

मुख्य बिंदु

सार्वजनिक स्थलो पर व्यक्तिगत तौर पर धन उगाहना (IFR) (उदाहरण- मॉल्स)

✔ क्या करें

- जनिक स्थलों पर धन उगाहने की गतिविधि सिर्फ उन शहरों और इलाकों में ही की जाए जिन्हें ग्रीन जोन घोषित कर दिया गया है.
- अपने बूथ में एल्कोहॉल युक्त हैंड रब रखे औऱ थोड़ी थोड़ी देर में इस्तेमाल करते रहें.
- दिन की शुरूआत औऱ अंत में टेबल को कीटाणुनाशक इस्तेमाल करके साफ करें.
- दान दाता से बात करने के दौरान कम से कम 2 मीटर की दूरी बना कर रखें
- कोरोनावायरस औऱ कोविड-19 से बचाव से जुड़ी सावधानियों वाले और हाथ धोने से जुड़े पोस्टर प्रदर्शित किए जाएं
- वॉटरएड इंडिया की वेबसाइट, दान की विस्तृत जानकारी और संपर्क से जुड़ी जानकारी के साथ पोस्टर लगाए जाएं और दानदाताओं को अपने फोन में संपर्क से जुड़ी जानकारी देने के लिए प्रेरित करें.

✘ ये नहीं करें

- दान दाताओं से हाथ मिलाना
- विज्ञप्ति पत्रक प्रदान करना
- फोन और पेन जैसी चीज़ों का दान दाताओं से आदान प्रदान

जांच सूची: Emergency kit comprising alcohol based hand rubs and masks

मुख्य बिंदु

होने वाली मीटिंग, वर्कशॉप और कॉन्फ्रेंस में शामिल होने वाले वॉटरएड स्टाफ औऱ साझेदार स्टाफ

✔ क्या करें

- सहभागियों से कम से कम 1 मीटर की शारीरिक दूरी बना कर रखें
- थोड़ी थोड़ी देर में एल्कोहॉल युक्त हैंड रब या साबुन का इस्तेमाल करके हाथ धोते रहें.
- आयोजकों से ऐसी नीति को बनाए जाने की मांग करें जिससे किसी के कोविड-19 से प्रभावित होने की जानकारी सहभागियों को मिल सके.

✘ ये नहीं करें

- हाथ मिलाना

जांच सूची: एल्कोहॉल युक्त हैंड रब

मुख्य बिंदु

समुदाय के साथ मीटिंग (कार्यक्षेत्र में)

✔ क्या करें

- बेहद ज़रूरी मीटिंग ही की जाएं
- पंचायत को सभी मीटिंग की जानकारी दी जाए
- सहभागियों के नाम और उनके संपर्क की जानकारी को संभाल कर रखें, अगर मीटिंग में शामिल होने वाला कोई कोविड-19 पॉजिटिव पाया जाता है, तो अन्य सहभागियों को जानकारी दी जाए और उनसे स्वास्थ्य सेवा लेने के लिए कहा जाए.
- सहभागियों के बीच कम से कम 1 मीटर शारीरिक दूरी रहे
- थोड़ी थोड़ी देर में एल्कोहॉल युक्त हैंड रब या साबुन का इस्तेमाल करके हाथ धोते रहें.
- हाथ धोने के लिए बनाए गए स्थल पर साबुन और पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करें जिससे मीटिंग शुरु होने से पहले सहभागी हाथ धो सकें.

✘ ये नहीं करें

- हाथ मिलाना

जांच सूची: एल्कोहॉल युक्त हैंड रब

9 संक्रमण का खतरा

मुख्य बिंदु

अगर कोई WAI या साझेदार स्टाफ कोविड-19 से प्रभावित हो जाए

✔ क्या करें

- कोविड19 पॉजीटिव स्टाफ की पूरे सम्मान के साथ देखरेख की जाए
- स्वास्थ्य बीमा की जानकारी देकर सहायle प्रदान करें औऱ स्टाफ और उनके परिवार को किसी और सहायता की ज़रूरत हो तो ये भी पता करें.
- परिवार को किसी तरह की सहायता की जरूरत तो नहीं पता करें, और परिवार को क्वारेन्टीन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी प्रदान करें.
- काम से जुड़े संपर्कों की जानकारी दे जिससे अगर व्यक्ति ने खुद को क्वारेन्टीन किया हो तो वो संपर्क साध सके
- स्टाफ को बीमारी की छुट्टी और जब तक पूरी तरह ठीक नहीं हो जाता तब तक घर से काम करने की अनुमति दी जाए

✘ ये नहीं करें

- कोविड -19 से प्रभावितों के साथ कोई भेदभाव ना करे

मुख्य बिंदु

अगर स्टाफ में कोई कोविड -19 से प्रभावित मरीज के संपर्क में आ जाए

अगर स्टाफ में किसी के परिवार के सदस्य (जिनके साथ वो रहते हैं) या साथ में रहने वाले किसी साथी को कोविड-19 संक्रमित पाया जाता है

✔ क्या करें

- स्टाफ की जांच देने वाली सेवाओं के बारे में पता करने में मदद करें
- स्टाफ को खुद को क्वारेन्टीन करने और घर से ही काम करने के लिए प्रेरित करें
- (अगर वो काम करने की स्थिति में हैं तो)
- स्वास्थ्य बीमा से जुड़ी हुई जानकारी देकर उन्हें सहायता प्रदान करें और यह पता करें कि स्टाफ और उनके परिवार को किसी और मदद की ज़रूरत तो नहीं है.
- पता करें कि परिवार को किसी तरह की सहायता की जरूरत तो नहीं और परिवार को क्वारेन्टीन और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी जानकारी प्रदान करें.
- उन लोगों को जानकारी दें जिससे व्यक्ति ने काम के दौरान संपर्क किया था ताकि वह खुद को क्वारेन्टीन कर सके

✘ ये नहीं करें

- कोविड -19 से प्रभावितों के साथ कोई भेदभाव ना करें

1 परिशिष्ट

जांच लैब और कोविड-19 उपचार के लिए स्वास्थ्य सुविधा केंद्र की सूची

https://covid.icmr.org.in

2 परिशिष्ट

www.covidhotspots.in

परिशिष्ट

समुदाय के साथ प्रत्यक्ष या साझेदार के ज़रिये काम करने के लिए कोविड-19 से संबंधित मार्गदर्शन

आखिरी बार संशोधन : 1/04/2020

इस दस्तावेज का उद्देश्य वॉटरएड के स्टाफ और साझेदारों को समझाना है कि हालांकि प्रतिक्रिया और भागीदारी के लिए समुदाय से संपर्क बनाना जरूरी है लेकिन कोविड-19 (कोरोना वायरस) को फैलने से रोकने के लिए लगे यात्रा और संपर्क प्रतिबंध को ध्यान में रखते हुए ही समुदायों के साथ काम किया जाए.

यह मार्गदर्शिका, स्वास्थ्य सेवा अधिकारियों या क्षेत्रीय प्रशासन द्वारा जारी किए गए निर्देश या सलाह को समझकर और समीक्षा कर तैयार किया गया है. हमें स्थानीय प्रशासन के लगाए प्रतिबंधों का सम्मान करना चाहिए लेकिन हमें प्रशासन की सलाह से आगे जाना होगा और जहां तक हो सके बीमारी को रोकने के लिए हमें पहले ही एहतियात बरतनी होगी.

हमारी कोशिश हमेशा यही होनी चाहिए कि हम समुदायों को ज्यादा से ज्यादा सेवाएं दे सके, लेकिन हमारे स्टाफ, साझेदार और समुदाय पर कम से कम खतरा मंडराए. इस मार्गदर्शिका का उद्देश्य ऐसा ही तरीका निकालने में मदद करना है ताकि हम कम से कम जोखिम उठाकर समुदायों की ज्यादा से ज्यादा मदद कर सकें.

सिद्धांत

- 'किसी को तकलीफ न हो' सिद्धांत लागू करें. वॉटरएड स्टाफ और साझेदारों को ये सलाह दी जाती है कि वो जितना हो सके उतना समुदायों के साथ शारीरिक दूरी बनाए रखें जिससे स्टाफ, साझेदारों और समुदायों के बीच वायरस फैलने के खतरे को कम किया जा सके.
- कोविड-19 का सामना करने के लिए और मजबूती से डटे रहने के लिए समुदायों का जुड़ाव और सशक्तिकरण बेहद ज़रूरी है. जब पाबंदियों की वजह से एक दूसरे से मिलना भी दूभर हो गया है ऐसे में कोई रास्ता निकालना होगा जो दूर रहकर भी जोड़े रखे (नीचे देखें)
- दो तरफा संचार -- समुदायों के साथ जानकारी साझा करने का बेहद भरोसेमंद तरीका है जिससे उन्हें आसानी से प्रकोप के बारे में बताया जा सकता है और ये सुनिश्चित भी होगा कि वो भी इस योजना के अभिन्न अंग हैं.
- फिर भी, प्रकोप के स्थानीय आंकड़ों और सरकारी दिशा निर्देश के आधार पर जिन समुदायो के पास जाना संभव और ज़रूरी हो तो समुदायों के सदस्यों के बीच और समुदाय के साथ मिलने के दौरान सामाजिक दूरी और हाथों की स्वच्छता को सुनिश्चित करें. ऐसे काम को करने से बचें जिसमें लोगों को समूह में आने की जरूरत पड़े और सामाजिक दूरी तथा सफाई के संदेश को प्रबलता से पहुंचाएं.
- अन्य संगठनों और साझेदारों के साथ तालमेन बनाएं- समुदायों के साथ काम करने के दौरान शारीरिक दूरी बनाए रखें और प्रभावी तरीके से संचार करें.
- समुदाय में महिलाओं और पुरुषों के साथ अलग अलग मिलें (चाहें दूर या आमने सामने) ताकि उनकी ज़रूरतें और नज़रिये को आसानी से समझा जा सके. अधिक संवेदनशील हालात से गुजर रहे लोगों को ढूंढें और जुड़ें और उनकी परेशानियों और मुश्किलों को समझने की कोशिश करें.

बगैर शारीरिक संपर्क के समुदायों की मदद करने का रास्ता बनाना

- अहम साझेदारों का खाका खींचे ताकि इलाके में ऐसे लोगों का नेटवर्क बन सके जो कोविड के प्रकोप के दौरान समुदाय के साथ काम कर पाएं और प्रत्येक संस्थान या समूह से उस व्यक्ति की पहचान की जाए जो केंद्र बिंदु में है. इसमें स्थानीय शासकीय अधिकारी, धार्मिक नेता, समुदाय के नेता, वॉश समिति, समुदाय समूह, निजी क्षेत्र, स्कूल शिक्षक, स्वास्थ्य सुविधा से जुड़ा स्टाफ, महिला संगठन या उनका

नेटवर्क, युवाओं का नेटवर्क और दिव्यांग लोगों के संगठन का नेटवर्क शामिल हो ताकि अलग अलग तरह के नज़रिये प्राप्त हो सकें.

- वॉटरएड और साझेदारों में किससे संपर्क करना है, लोगों की इस बारे में जानकारी हो और संस्थानों के बीच स्पष्ट संचार बना रहे ताकि संबंधित लोगों के पास पूरी जानकारी रहे और वाटरएड साझेदार और विभिन्न हितग्राही समूहों के बीच सतत संचार को सुनिश्चित करें.
- विभिन्न समूहों के साथ बेहतर और विश्वसनीय संचार प्रणाली पर सहमति बनाएं. ऐसे तरीकों की स्थापना करें जिसे लोग ज्यादा तवज्जो देते हैं, जो समझने में आसान हो औऱ जो विभिन्न समूहों के लिए सुलभ हो उदाहरण के लिए, फोन, टेक्सट, वॉट्सएप, फेसबुक.
- समुदाय के साथ अहम शब्दावली पर विमर्श और उचित भाषा का इस्तेमाल. विभिन्न भाषा या बोली में लक्षण, बीमारी की अनुभूति के लिए अलग अलग शब्दों का इस्तेमाल होता है. ऐसे में उस शब्द का इस्तेमाल किया जाए जो आसानी से समझ आने वाला हो और प्रत्येक समूह में सहजता के साथ बोला जाए. ये सुनिश्चित करें कि जिस तरीके से जानकारी प्रेषित की जा रही है वो समुदाय समझ सकता हो.

तत्पर रहने के लिए योजना तैयार करें - जहां संभव हो सके मिल कर या फिर दूर से

- समुदाय में कमज़ोर तबके की पहचान के लिए समूहो की मदद करें और समझें कि प्रकोप के वक्त उन्हें कैसे मदद दी जा सकती है
- विभिन्न समूहों का वर्तमान में स्वास्थ्य को लेकर बर्ताव और इसी तरह की दूसरी बीमारियों से सामना करने के तरीके का पता करें. इस जानकारी का इस्तेमाल समुदायों के साथ यह योजना बनाने में करें कि ये तरीका किस तरह से अलग हो सकता है अगर उनके इलाके में कोरोनावायरस की पुष्टि हो जाए.
- तत्परता की योजना और समुदाय में इसे लागू करने की योजना की समुदाय के अहम सदस्यों के साथ चर्चा करें कि वो खुद किस तरह की तैयारी कर सकते हैं, अगर उन्हें कोई संदिग्ध केस नजर आता है तो किस तरह वो संबंधित अधिकारी को सूचित करेंगे और बीमारी को फैलने से रोकने के लिए और समुदाय में दूसरों की मदद के लिए वो शुरुआती एहतियात बरतेंगे. उन्हें ये स्पष्ट करें कि वॉटरएड बतौर WASH एजेंसी बीमार लोगों की मदद नहीं कर पाएगा.
- चर्चा करें कि बगैर किसी मेल मिलाप के समुदाय समूह किस तरह समुदाय में WASH की बेहतर मदद कर सकता है. इसमें स्वच्छता से जुड़े बर्ताव में बदलाव, हाथ धोना, जल आपूर्ति की देखरेख और प्रबंधन और स्वच्छता शामिल हैं. सुनिश्चित करें कि वे सामाजिक दूरी औऱ घरों में संपर्क साधने की कमी करने को लेकर जागरुक हैं. ऐसे लोगों की पहचान करें जिनसे विशेष कार्य के लिए संपर्क करना हो जैसे जलापूर्ति संभालना.
- घर, स्कूल, स्वास्थ्य सुविधा औऱ फल विक्रेता के पास हाथ धोने के लिए साबुन और पानी की उपलब्धता को जांचे. समुदायों के बीच डाटा के आधार पर उपलब्धता औऱ अभाव का खाका खींचे. इलाकों में काम कर रहे दूसरे लोगों के साथ मिलकर जहां संभव हो वहां साबुन, पानी, हाथ धोने के उपकरण की उपलब्धता बढ़ाएं जो आपके संदर्भ में प्रासंगिक हो.

जिस संचार माध्यम पर सहमति बनी है, उसके जरिए नियमित स्थिति की नवीन जानकारी

- समुदाय और साझेदारों के साथ समुदाय की नवीन जानकारी और नियमित विवरण की योजना और प्रतिक्रिया योजना के प्रतिपादन पर सहमति
- समुदायों को प्रकोप के बारे में अवगत कराना. सही और तथ्यपरक जानकारी प्रदान करना, समुदाय से आने वाले सवालों के जवाब के लिए वक्त देना औऱ उन पर किस तरह प्रतिक्रिया देनी है इस पर चर्चा करना.
- अक्सर पूछे जाने वाले सवालों का एक पृष्ठ तैयार करें जो सवालों के आने के साथ ही लगातार अपडेट होता जाए और उसमें नई उपलब्ध जानकारियों समाहित हो जाए. इस डाटा का इस्तेमाल समुदायों के लिए सूचना प्रोग्रामिंग में करें और क्लस्टर स्तर पर इसे लागू करने की सिफारिश करें.
- WASH क्लस्टर, स्वास्थ्य मंत्रालय और अन्य साझेदारों के साथ नियमित संचार बनाए रखें. तैयारी के उपाय की चर्चा समुदाय के साथ करें और मीटिंग में उनके सुझाव भी लें. प्रकोप से सुरक्षा की विशेष योजना से जुड़े विकास पर समुदाय की मदद करें, समुदाय के साथ संबंधित जानकारी साझा करें जिसमें महामारी से जुड़े आंकड़ों के भरोसेमंद और ताजा अपेडट हो. बेहतर तरीके से लक्ष्य को साधने के लिए इसमें यह जानकारी भी होनी चाहिए कि कौन से लिंग, आयु वर्ग या संवेदनशील समूह पर ज्यादा प्रभाव पड़ सकता है.

जहां आमने सामने मिलना जरूरी है और उसकी अनुमति भी है

- वॉटरएड या साझेदार स्टाफ जिनके घरों में कोई संवेदनशील व्यक्ति मौजूद है या वो खुद किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या (जैसे पुरानी फेफड़े की तकलीफ, किडनी से जुड़ी समस्या, डाइबिटीज़ या कमज़ोर रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता) से जूझ रहे हैं, हमें उन्हें घर या दफ्तर के बाहर ऐसे काम करने से रोकना चाहिए जिसमें लोगों से मिलना शामिल हो.
- ऐसे किसी भी स्वास्थ्य सुविधा केंद्र में जाने से बचें जहां कोविड -19 से जुड़े प्रभावित और संक्रमित केस का उपचार चल रहा है
- राज्य, जिले और क्षेत्रों के बीच यात्रा करने से बचें – इसलिए क्योंकि कभी भी कम समय में घरेलू प्रतिबंध लगाए जाने की आशंका बनी रहेगी, ईंधन की कमी हो सकती है और कोविड 19 को फैलने से रोकने की हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है.
- और यह देखकर समुदाय के साथ मिलकर काम करने का फैसला किया जाए कि क्या हम इससे जुड़े खतरे को संभाल सकते हैं. उदाहरण के लिए क्या हम वॉटरएड और सहयोगी स्टाफ को सुरक्षा उपकरण (जैसे हैंड सेनिटाइज़र) उपलब्ध करवा सकते हैं? क्या हमारे पास उचित स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध है?

4 परिशिष्ट

कोविड -19 के दौरान निर्माण ठेकेदारों के साथ काम करने के लिए मार्गदर्शन

आखिरी बार संशोधन: 31-03-2020 (पहला प्रारूप)

अहम बिंदु

अगर CP निर्माण कार्य करने का फैसला लेते हैं तो CD की अनुमति अनिवार्य होगी. सीडी को संदर्भ से जुड़ी तमाम जानकारी दी जाए ताकि वह आगे चलकर सही फैसला ले पाए. आगे बढ़ने का यही तरीका है कि हम 'किसी को नुकसान न पहुंचाने' के हमारे सिद्धांत पर चलें और कर्मचारी-साझेदारों से उचित दूरी बनाकर चलें और साथ ही सुरक्षा संबंधित उपकरण और सफाई का ध्यान रखा जाए. निर्माण कार्य को जारी रखने के लिए लिए जाने वाले फैसलों से जुड़ी अहम सवालों को नीचे देखें -

अगर सीडी द्वारा निर्माण कार्य को जारी रखने का फैसला लेना है तो RTA को इसकी जानकारी देनी होगी ताकि सुरक्षा उपाय लागू किया जा सके और एक योजनाबद्ध तरीके से काम शुरू हो सके. RTA को देशों से संपर्क स्थापित करना होगा और कोविड 19 तकनीकी परामर्श समूह से जुड़ना होगा ताकि सुरक्षा निर्देश स्पष्ट हो सकें और जो वॉटरएड के कोविड 19 प्रतिक्रिया दिशा-निर्देशिका के साथ जुड़ सकें.

क्या निर्माण कार्य जारी रहे?

आने वाले तीन महीनों के लिए यही सलाह है कि नहीं – सिवाय अपवाद मामलों के (ऊपर का नोट देखें). निर्माण कार्य जारी रखना है या नहीं यह फैसला लेने के लिए इन बिंदुओं का ध्यान रकें -

- सरकारी शर्तें – साझेदारों को कोविड 19 से निपटने से जुड़ी तमाम राष्ट्रीय जरूरतों का पालन करना होगा जिसमें काम पर प्रतिबंध, यात्रा और सोशल डिस्टेंसिंग शामिल है
- स्थानीय प्रशासन/समुदायिक नेता – क्या ठेकेदारों के काम जारी रखने से खुश हैं?
- कर्मचारी का कल्याण (ठेकेदार, दिहाड़ी मजदूर, साझेदार, वॉटरएड स्टाफ) को पहले तवज्जो दीजिए और उसके साथ समझौता न करें – हमें 'किसी को नुकसान न पहुंचाने' के सिद्धांत पर चलना होगा.
- काम कितना जरूरी है? क्या यह काम स्थगित किया जा सकता है (जैसे जलस्रोत लगाने के बाद पंप मैकेनिक को ट्रेनिंग देना लेकिन समिति को दी जाने वाली ट्रेनिंग को स्थगित करना). क्या संसाधनों को कुछ वक्त के लिए कोविड 19 निपटान के दूसरे पहलुओं की तरफ इस्तेमाल किया जा सकता है?
- बिना निगरानी के काम जारी करने का क्या खतरा है? वॉटरएड स्टाफ या साझेदार कि निगरानी की कमी में निर्माण कार्य स्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा पर असर पड़ सकता है और काम की गुणवत्ता भी प्रभावित हो सकती है (जिसमें सुधार मंहगा पड़ सकता है).

निर्माण कार्य रोकने का फैसला

- निर्माण कार्य स्थल छोड़ने से पहले सुनिश्चित करें कि जगह सुरक्षित है, उदाहरण के लिए क्या खुदाई की जगह पर ठीक से फेंसिंग और सीलिंग हुई या नहीं. क्या आधे बने लैट्रिन ब्लॉक के आसपास दीवार लगी है ?
- ध्यान रखें कि आधी अधूरी खुदाई (जैसे पाइपलाइन के लिए गड्ढा) अगर ऐसे ही छोड़ दिया गया तो ढह सकता है. अगर पाइपलाइन पहले लगा दी जाए तो गड्ढे को दोबारा खोदने से बचा जा सकता है – लेकिन यह तभी मुमकिन है अगर कोविड 19 को ध्यान में रखते हुए स्टाफ की सुरक्षा और सामान्य गुणवत्ता स्तर के हिसाब से काम किया जा सके.

- सुनिश्चित करें कि साइट पर मौजूद सभी उपकरण, सामान, केमिकल को हटा दिया जाए और सुरक्षित जगह स्टोर कर दिया जाए. खतरनाक सामान जैसे ईंधन, क्लोरीन एचटीएच पाउडर के साथ खास सावधानी बरतें.
- सीमेंट जैसा सामान जो एक्सपाइयर हो सकता है. क्या उसे आपूर्ति करने वाले को लौटाया जा सकता है? अगर सीमेंट को लंबे वक्त के लिए स्टोर करना है तो ज्यादा सावधानी बरतते हुए सुनिश्चित करें कि यह ठीक से स्टोर किया जाए (जैसे चटाई पर ढंककर रखा जाए और 10 बैग से ज्यादा एक के ऊपर एक न रखें)
- समुदाय और स्थानीय प्रशासन को ठीक से सूचित करें कि क्यों काम को अस्थाई रूप से रोक दिया गया है. शायद उनके पास सामान और उपकरण की सुरक्षा के लिए कुछ बेहतर सुझाव हो. वो बच्चों को भी चेतावनी दे सकते हैं कि खुदाई वाली जगह पर न जाएं और उसे न छेड़ें.
- जितना हो सके पूरा भुगतान करें और ठेकेदार और मजदूरों से अपेक्षाओं को सुनिश्चित करें . क्या कॉन्ट्रैक्ट में कुछ बदलाव करने की जरूरत होगी?
- अगर काम किसी नए जलस्रोत पर हो रहा है और उसे पूरा करना मुमकिन नहीं है तो सुनिश्चित करें कि बीच वक्त के लिए समुदाय को कहीं और से साफ पानी का स्रोत मिल सके. (अगर यह मुमकिन नहीं है तो आपको सलाह देनी होगी कि घर के पानी को कैसे साफ किया जा सकता है)
- दाता को जानकारी दें
- तीन महीने बाद आगे की चर्चा करने के बाद परिस्थिति का फिर से आकलन करें और देखें कि क्या काम शुरू किया जा सकता है. आने वाले महीनों में दिशा निर्देश के लिए तकनीकी जानकारी वाला व्यक्ति संपर्क सूत्र होंगे.

काम जारी करने का फैसला

इस महामारी के दौरान निर्माण कार्य सिर्फ अपवाद मामलों में इन दिशानिर्देशों का अनुसरण करते हुए ही जारी रह सकता है :

- एक बार में छह से ज्यादा कर्मचारी न हो. सभी को लगातार हाथ धोने होंगे और उचित दूरी बनाकर रखनी होगी. हाथ धोने के लिए पानी से जुड़ा उपकरण मौजूद होना चाहिए. हर दिन मुमकिन हो तो तापमान चेक किया जाए. पीपीई पहनकर काम करें. कर्मचारियों को सुरक्षा से जुड़ी पूरी जानकारी दी जाए कि साइट पर और साइट पर आते हुए किस तरह खुद का बचाव किया जा सकता है.
- समुदाय से किसी तरह का मेल जोल करने से बचें. समुदाय को काम देखना और साइट पर रहना अच्छा लगता है लेकिन इसे रोकना होगा और सामुदायिक तरह से हाथ बंटाना जैसे मिलकर ईंट ढोना या खुदाई करना मुमकिन नहीं होगा.
- अगर ड्रिल करना, टेस्ट पंपिंग, पानी के स्रोत या पानी की गुणवत्ता का आकलन मुमकिन नहीं है तो पानी के ढांचे का निर्माण को आगे बढ़ाना (स्टोरेज टैंक, पाइपलाइन, बोरहोल में सुधार करके पंप लगाना) उचित नहीं होगा. बोरहोल के काम और ड्रिलिंग में हमेशा एक तरह की अनिश्चितता होती है और बेहतर होगा कि स्टोरेज और पाइप का काम आगे बढ़ाने से पहले यह सुनिश्चित करें कि उचित मात्रा में अच्छा पानी उपलब्ध हो.

काम की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दूर से बंदोबस्त करने की सिफारिश -

1. विस्तार में मसौदा तैयार करें जो हर वक्त ठेकेदारों के पास उपलब्ध होना चाहिए. इसमें BOQ, ड्राइंग लिस्ट, विवरण, तकनीकी जानकारी और जरूरतें, टीम का ढांचा, तकनीकी स्तर और दिशानिर्देश हो जिसका पालन किया जा सके.
2. गतिविधियों की सूची और उसका पूरा खाका तैयार किया जाए. इस सूची में तमाम तकनीकी बारिकियों और जरूरतों का उल्लेख हो और निर्माण के हिस्से से जुड़ा स्पष्ट खाका होना चाहिए. काम जारी करने से पहले यह साफ हो कि वो क्या अहम पड़ाव हैं जहां वॉटरएड या साझेदार निगरानी करने वाले की अनुमति की जरूरत है. (अनुमति काम की गुणवत्ता दिखाती हुई तस्वीर को सबूत मानने के आधार पर तय की जा सकती है जो जरूरी नहीं कि हां में ही हो).
3. ठेकेदार की टीम द्वारा अपडेट की जाने वाली एक पक्की सारणी और संचार ढांचा तय हो. क्योंकि आप मरम्मत के काम को सामने से नहीं देख सकते

इसलिए जरूरी है कि आप दूर से ही सहज संपर्क करने का तरीका स्थापित करें, साथ ही ठेकेदार के साथ विस्तार से एक सारणी भी तय करें. यही संचार, साइट पर आपकी मौजूदगी की जगह लेगा इसलिए इसका सही होना जरूरी है. इन अपडेट में ये सब शामिल होगा -

a. योजना के मुताबिक काम के होने से जुड़ी सभी जानकारी. हर तरह की जानकारी विस्तार से दी जाए ताकि समझने में मुश्किल न हो.

b. फोन पर मौखिक तौर पर जानकारी दी जाए

c. जो जानकारी मौखिक तौर पर दी गई है उसे भी अपने काम की रिपोर्ट में शामिल किया जाए. रिपोर्ट का एक ढांचा तैयार किया जाए ताकि एक वक्त की रिपोर्ट की दूसरी रिपोर्ट से तुलना की जाए. इस रिपोर्ट में -

    i. लिखित में बताया जाए कार्य कितना प्रगति पर है

    ii. कार्य प्रगति से जुड़े तमाम बिंदुओं का तस्वीर के रूप में दस्तावेजीकरण

d. रिपोर्ट की रसीद की प्राप्ति की सूचना

4. उन कर्मचारियों की सूची साझा करें जो स्थायी तौर पर और बीच बीच में साइट पर मौजूद होंगे.

प्रश्न या सुझाव के लिए यहां संपर्क करें
वाटरएड इंडिया (मुख्य कार्यालय)

पीपुल एंड एडमिन टीम
श्रुति वी जे, एडमिन कोऑर्डिनेटर
shrutivj@wateraid.org | +91 9650502606
फ़ोन +91 11 66124400

वाटरएड इंडिया, पूर्व (भुवनेश्वर)
बिजय मिश्रा, एडमिन एंड अकाउंट ऑफिसर
BijayaMishra@wateraid.org | +91 9937477771
फ़ोन +91 674 2531266

वाटरएड इंडिया, पश्चिम (भोपाल)
हेमा पिल्लई, एडमिन एंड अकाउंट कोऑर्डिनेटर
HemaPillai@wateraid.org | +91 9229107158
फ़ोन +91 755 2460369

वाटरएड इंडिया, उत्तर (लखनऊ)
प्रदीप कुमार, एडमिन एंड अकाउंट ऑफिसर
PradipKumar@wateraid.org | +91 7763953010
फ़ोन +91 522 4074476

वाटरएड इंडिया, दक्षिण (हैदराबाद)
माधवी लता, एडमिन एंड अकाउंट ऑफिसर ,
MadhaviLatha@wateraid.org | +91 9246242767
फ़ोन +91 40 23321455